अमर उजाला 06/05/2025

# फॉग कंप्यूटिंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑनलाइन द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने ऑनलाइन द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन मशीन लर्निंग, फॉग कंप्यूटिंग और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में उनके अनुप्रयोग में अत्याधुनिक विकास पर केंद्रित रहा।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, स्वायत्त वाहनों और स्मार्ट शहरों जैसे क्षेत्रों में डेटा प्रबंधन में फॉग कंप्यूटिंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया।

सत्र अध्यक्ष डॉ. प्रबलीन कौर ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में शैक्षणिक-उद्योग सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।